# जिलाधिकारी/अध्यक्ष जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन की अध्यक्षता में दिनांक 26.12.2025 को आयोजित जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक का कार्यवृत्त।

पत्रांक -- 190 / JJM- / 24 दिनांक 2-2-2026

भारत सरकार/राज्य सरकार की अति महत्वकांक्षी परियोजना जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद फिरोजाबाद में निर्माणाधीन सतही स्रोत आधारित पाइप पेयजल योजना के पैकेज--01, पैकेज–02 तथा 106 राजस्व ग्रामों में पूर्व निर्मित पेयजल योजनाओं के संचालन एवं अनुरक्षण कार्यों की समीक्षा हेतु जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक दिनांक 26.12.2025 को कलैक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई, जिसमें निम्नलिखित अधिकारी/कर्मचारी द्वारा प्रतिभाग किया गया :–

1. मुख्य विकास अधिकारी, फिरोजाबाद।
2. अपर जिलाधिकारी(नमामि गंगे), फ़िरोजाबाद।
3. प्रतिनिधि, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी (सदस्य)।
4. अधिशासी अभियन्ता, सिचांई (सदस्य)।
5. प्रतिनिधि, जिला कृषि अधिकारी, (सदस्य)।
6. प्रतिनिधि, जिला सूचना एवं जन संपर्क अधिकारी (सदस्य)।
7. इं0 देवेन्द्र कुमार सिंह, अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), फिरोजाबाद।
8. इं0 सुनील कुमार, सहायक अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), फिरोजाबाद।
9. इं0 निखिल कुलश्रेष्ठ, सहायक अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), फिरोजाबाद।
10. इं0 शिवम राजपूत, सहायक अभियन्ता(SWSM), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), फिरोजाबाद।
11. जिला परियोजना प्रबन्धक, टी0पी0आई0, फिरोजाबाद।
12. जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0, फिरोजाबाद।
13. श्री सुशील कुमार, डी0पी0एम0, मै0 लॉर्सन एण्ड टूब्रो लिमिटेड, फिरोजाबाद।
14. श्री विजय लोखण्डे, डी0जी0एम0, मै0 एन0सी0सी0 लिमिटेड, फिरोजाबाद।
15. श्री राजेश कुमार, डी0जी0एम0 मै0 दारा इंजीनियरिंग एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रा0लि0।

अधिशासी अभियन्ता (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया जनपद फिरोजाबाद में संचालित 280 नग पाइप पेयजल योजनाओं के अनुमानित पूर्णता तिथि (Estimated Date of Completion) JJM-IMIS पोर्टल पर समाप्त हो गई है, उन योजनाओं की नई अनुमानित पूर्णता तिथि जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन (DWSM) के माध्यम से राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन को प्रेषित की जानी है।

इस पर अधोहस्ताक्षरी द्वारा अधिशासी अभियन्ता जल निगम को निर्देशित किया गया कि जिले में संचालित पाइप पेयजल योजनाओं की वित्तीय तथा भौतिक प्रगति की सूची नियत प्रारूप पर उपलब्ध करायें।

**दारा इंजीनियरिंग –**

अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में पूर्व निर्मित 86 नग पाइप पेयजल योजनाओं से संतृप्त 106 नग राजस्व ग्रामों में सुचारू रूप से जलापूर्ति करने हेतु उक्त योजनाओं का संचालन एवं रखरखाव का कार्य राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ द्वारा चयनित फर्म मै0 दारा इंजीनियरिंग एवं इन्फ्रास्ट्रेक्चर प्रा0लि0,जोधपुर द्वारा कराया जा रहा है। इनके कार्य प्रारम्भ का दिनांक 01.05.2025 निर्गत है। फर्म द्वारा 86 नग योजनाओं के 10 वर्ष के संचालन एवं रखरखाव हेतु डी0पी0आर0 विरचन की कार्यवाही पूर्ण कर ली गयी है, जो जल निगम मुख्यालय को स्वीकृति हेतु भेजा गया है।

Scanned with OKEN Scanner

अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे द्वारा अवगत कराया गया कि पूर्व की सभी साप्ताहिक बैठकों में अधिशासी अभियन्ता जल निगम(ग्रामीण) को निर्देशित किया गया कि दारा इंजीनियरिंग द्वारा जिन राजस्व ग्रामों में पाइप लाइन पेयजल की आपूर्ति की जा रही है उसकी सूची, पेयजल आपूर्ति किये जाने वाले परिवारों की सूची, पेयजल आपूर्ति करने वाले **नल जल मित्र** की सूची व उनको भुगतान की गयी राशि का विवरण उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया है, जोकि अप्राप्त है। उक्त हेतु अधोहस्ताक्षरी द्वारा नाराजगी व्यक्त की गई एवं निर्देशित किया गया कि अनुपालन न किये जाने के सम्बन्ध मे अपना लिखित स्पष्टीकरण भी प्रस्तुत करें।

(1.) पैकेज–01 :–

अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि पैकेज–1 के अन्तर्गतजल शोधन सयंत्र(WTP) 456 MLDजनपद एटा के विकास खण्ड निधौली कलां, ग्राम भड़ेरा में निर्माणाधीन है, प्रस्तावित घटकों की प्रगति का विवरण निम्नवत् है :–

| S. No. | STRUCTURE | TARGETas per Bar Chart | Actual Progress | Balance |
|---|---|---|---|---|
| 1 | OFF-TAKE CHAMBER & CONNECTING CHANNEL | 100% | 90% | 10% |
| 2 | VALVE CHAMBER AT RWR | 100% | 90% | 10% |
| 3 | RAW WATER RESERVOIR CUM PH | 100% | 42% | 58% |
| 4 | CASCADE AERATOR & INLET WORKS | 100% | 30% | 70% |
| 5 | CLARI-FLOCCULATOR | 100% | 75% | 25% |
| 6 | FILTER BEDS WITH BACK WASH TANK ON TOP | 100% | 27% | 73% |
| 7 | CLEAR WATER RESERVOIR | 100% | 59% | 41% |
| 8 | CHEMICAL HOUSE | 100% | 35% | 65% |
| 9 | MIBPS-01 CWR & PH 12700 KL | 100% | 72% | 28% |
| 10 | MIBPS-02 CWR & PH 2900 KL | 100% | 77% | 23% |
| 11 | CLEAR WATER RISING MAIN PIPELINE LAYING & JOINTING (99 km/157 km) | 100% | 65% | 35% |
| | **OVERALL PROGRESS** | **100%** | **60%** | **40%** |

वर्तमान में शत् प्रतिशत के सापेक्ष फर्म की प्रगति मात्र 60 प्रतिशत है, जोकि अपेक्षा से अत्यधिक कम है। कार्य प्रगति में अपेक्षित प्रगति न होने पर अप्रसन्नता व्यक्त की गयी तथा एन0सी0सी0 द्वारा लगाये गये मैन पावर के विवरण पत्र का अवलोकन किया गया। एन0सी0सी0 द्वारा 700 श्रमिकों के सापेक्ष मात्र 225 श्रमिक लगाये जाने की सूचना दी गयी इस सम्बन्ध में अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) व जिला परियोजना प्रबन्धक टी0पी0आई0 से पूछे जाने पर उनके द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान में केवल 190 श्रमिक ही मौके पर कार्यरत है। निर्देशित किया गया कि अतिरिक्त मैन पावर बढ़ाकर कार्यों की प्रगति में अपेक्षित सुधार लाया जाये तथा कार्यों को पूरा करने हेतु माहवार कार्ययोजना प्रस्तुत की जाय।

(2.) पैकेज–02 :–

अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि पैकेज–2 के अन्तर्गत प्रस्तावित घटकों की प्रगति का विवरण निम्नवत् है :–

| S. No. | STRUCTURE | TARGET as per Bar Chart | Actual Progress | Balance |
|---|---|---|---|---|
| 1 | IBPS - 7 (1050KL) - CWR & PH | 100% | 69% | 31% |
| 2 | IBPS - 159 (700KL) - CWR & PH | 100% | 70% | 30% |
| 3 | IBPS - 160 (600KL) - CWR & PH | 100% | 67% | 33% |
| 4 | IBPS - 162 (600KL) - CWR & PH | 100% | 80% | 20% |
| 5 | IBPS - 166 (650KL) - CWR & PH | 100% | 53% | 47% |
| 6 | IBPS - 167 (950KL) - CWR & PH | 100% | 57% | 43% |
| 7 | IBPS - 168 (1250KL) - CWR & PH | 100% | 65% | 35% |

Scanned with OKEN Scanner

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 8 | IBPS - 170 (1250KL) - CWR & PH | 100% | 59% | 41% |
| 9 | Boundary wall for OHT & IBPS | 100% | 38% | 62% |
| 10 | Staff Quarters at IBPS | 100% | 70% | 30% |
| 11 | Clear Water Rising Main (392 Km./1329.76 Km.) | 100% | 29% | 71% |
| 12 | Over Head Tank (235 Nos. WIP/249 Nos.) | 100% | 35% | 65% |
| 13 | Distribution Network (3310 Km./5424.70 Km.) | 100% | 61% | 39% |
| | **OVERALL PROGRESS** | **100%** | **59%** | **41%** |

उपरोक्त तालिकानुसार वर्तमान में शतप्रतिशत के सापेक्ष फर्म की प्रगति मात्र 59 प्रतिशत है, जोकि अपेक्षित नहीं है। कार्य प्रगति में अपेक्षित प्रगति न होने पर अप्रसन्नता व्यक्त की गयी एवं निर्देशित किया गया कि अतिरिक्त मैन पावर बढ़ाकर कार्यों की प्रगति में अपेक्षित सुधार लाये तथा कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराया जाये।

**टी0पी0आई0** :– बैठक में टी0पी0आई0 से योजना के गुणवत्ता नियंत्रण, पेनल्टी एवं तत्सम्बन्धित जानकारी चाही गयी, जिस पर उनके द्वारा विवरण प्रस्तुत किया गया। जिलाधिकारी महोदय द्वारा जनपद में कराये जा रहे कार्यों में टी0पी0आई0 को गुणवत्ता पर ध्यान देने एवं नियमित रूप से अवगत कराने के निर्देश दिये गये।

साथ ही निर्देश दिये गये कि जनपद में जल जीवन मिशन अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यों की गुणवत्ता निर्धारित मानकानुसार सुनिश्चित कराये, सम्बन्धित फर्म से नियमानुसार NCR का निरतारण कराये तथा आगामी बैठक में उपरोक्त सूचनाओं सहित प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

**धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक सम्पन्न हुई।**

(रमेश रंजन)
जिलाधिकारी
फिरोजाबाद।

पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. मुख्य विकास अधिकारी, फिरोजाबाद।
2. प्रभागीय वनाधिकारी, फिरोजाबाद।
3. मुख्य चिकित्सा अधिकारी, फिरोजाबाद।
4. अपर जिलाधिकारी(नमामि गंगे), फिरोजाबाद।
5. जिला विकास अधिकारी, फिरोजाबाद।
6. जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, फिरोजाबाद।
7. अधिशासी अभियन्ता, सिचांई, फिरोजाबाद।
8. जिला कृषि अधिकारी, फिरोजाबाद।
9. जिला सूचना एवं जन संपर्क अधिकारी, फिरोजाबाद।
10. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), फिरोजाबाद।
11. जिला परियोजना प्रबन्धक, टी0पी0आई0 (फिचनंर इण्डिया), फिरोजाबाद।
12. जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0, फिरोजाबाद।
13. परियोजना प्रबन्धक, पैकेज–01 मै0 एन.सी.सी. लिमिटेड, फिरोजाबाद।
14. परियोजना प्रबन्धक, पैकेज–02 मै0 लॉर्सन एण्ड टूब्रो लिमिटेड, फिरोजाबाद।
15. डी0जी0एम0, मै0 दारा इंजीनियरिंग एण्ड इन्फास्ट्रेक्चर प्रा0लि0, जौधपुर।

जिलाधिकारी
फिरोजाबाद।